# हॉस्टल की छत से गिरे मेडीकल छात्र की मौत

## जीआरएमसी में कर रहा था पढ़ाई, बहन ने लगाया आरोप, गिरा तो खून नहीं निकला, जताई रैगिंग की आशंका



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 11नवम्बर।** गजराराजा मेडीकल कॉलेल के रविशंकर हॉस्टल की पहली मंजिल से गिरे एक 21 वर्षीय मेडीकल छात्र की मौत हो गयी। घटना के समय मेडीकल छात्र का रूम पार्टनर अंदर था। यह नीचे ग्राउंड फ्लोर पर जा गिरा और उसे पता भी नहीं लगा। नीचे ड्यूटी पर तैनात गार्ड ने आवाज सुनी तो वह पोर्च की ओर पहुंचे। तत्काल वार्डन व अन्य छात्रों को इसकी खबर दी। वे घायल मेडीकल छात्र को जेएएच के ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे। उसने इंटरनल इंजरी के चलते अंतिम सांस ली। वहीं, मेडीकल छात्र की बहन ने सवाल उठाये हैं कि जब वह ऊपर से गिरा तो खून क्यों नहीं निकला। एमबीबीएस छात्र अभी एक माह पहले ही ग्वालियर आया था। वह मूल रूप से बैतूल का रहने वाला है। पुलिस ने परिजन को खबर दे दी है। वह ग्वालियर पहुंच गये हैं। पुलिस रैगिंग के एंगल पर भी मामले की जांच कर रही है।

झांसी रोड टीआई शक्तिसिंह यादव ने बताया कि एक मेडीकल छात्र की मौत हो गयी है। उसे ऊंचाई से गिरा बता रहे है। हम हर एंगल पर मामले की जांच कर रहे है। अभी कहा नहीं जा सकता है कि यह आत्महत्या या घटना है।

बैतूल के रानीपुर स्थित घोड़ा डोंगरी निवासी यशराज उइके पुत्र पंचम उइके (21) ने इसी साल नीट का एग्जाम क्लियर किया था। उसे ग्वालियर के गजराराजा मेडिकल कॉलेज में दाखिला मिला था। दीपावली के बाद वह अभी 20 दिन पहले ग्वालियर आया था। वह एमबीबीएस फर्स्ट प्रॉब (फर्स्ट सेमेस्टर) का स्टूडेंट था। यहां रविशंकर शुक्ल जूनियर बॉयज हॉस्टल के फर्स्ट फ्लोर पर उसे रहने के लिए रूम मिला था। उसका रूम पार्टनर गुना निवासी प्रवीण सहरिया है। प्रवीण अपने रूम में था और वह रूम के बाहर ओपन एरिया में था, तभी अचानक वह संदिग्ध हालात में फर्स्ट फ्लोर से नीचे गिर गया जबकि उसके रूम पार्टनर को पता भी नहीं लगा। नीचे जब उसके गिरने की आवाज आई तो ड्यूटी पर तैनात गार्ड्स दौड़कर पोर्च में पहुंचे तो यह मेडिकल स्टूडेंट पड़ा हुआ था। कपिल कुमार नाम के गार्ड ने हॉस्टल वार्डन व अन्य छात्रों को सूचना दी।

## समाज को एकजुट करने में अन्नकूट की विशेष भूमिका : अमित सांघी

ग्वालियर। अग्रवाल दीपावली मिलन समारोह समिति द्वारा अन्नकूट समारोह आयोजित किया गया। समिति के वरिष्ठ पार्षद संजय सिंघल एवं ओमप्रकाश अग्रवाल लल्ला ने बताया अग्रवाल दीपावली मिलन समारोह द्वारा अग्रवाल समाज के परिवारों के लिए आयोजित इस अन्नकूट का शुभारंभ माता महालक्ष्मी एवं अग्रसेन महाराज की आरती पूजन के साथ हुआ।


जैन मार्बल एंड कोटा स्टोन
हमारे यहां साउथ ग्रेनाइट, राजस्थान ग्रेनाइट, मार्बल, टाईल्स एवं कोटा स्टोन डायरेक्ट फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है
डॉ. विनोद जैन
9425360508
पता - ऋतुराज होटल के पास पुरानी छावनी रोड, ग्वालियर
गोले का मंदिर भिंड रोड, लीला हॉस्पिटल के पास, ग्वालियर
पारस जैन - 74892 60095


# आईएसबीटी से नहीं हो पा रहा बसों का सुचारु संचालन

## दूसरे दिन भी रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस स्टैंड से चलीं भिंड-मुरैना के लिए बसें



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 11नवम्बर।** नव निर्मित सर्व सुविधायुक्त आईएसबीटी का सुचारु संचालन एक बार फिर खटाई में पड़ गया और दूसरे भिंड-मुरैना जाने अधिकांश आईएसबीटी की बजाय अपने पुराने बस स्टेंडों रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टेंड, गोला का मंदिर और मानसिक आरोग्य शाला के पास से रवाना हुई। यात्रियों की सुविधाओं का हवाला देकर प्रशासन ने बस ऑपरेटरों को कुछ दिनों तक पुराने स्टेंडों से ही बसें चलाने की अनुमति दे दी। इससे साफ नजर आ रहा है कि अभी आईएसबीटी के सुचारू संचालन के लिए शहरवासियों को और इंतजार करना पड़ेगा। अहम बात यह है कि सर्वसुविधा से युक्त आईएसबीटी की वर्तमान स्थिति की बात करें तो यहां पर अभी न तो शहर के विभिन्न स्थानों से भिंड-मुरैना जाने वाले लोगों के लिए वाहनों की सुविधा है और न ही बस स्टैंड पर पहुंचने वाले यात्रियों के लिए खान पान व अन्य सामान की व्यवस्था है। ऐसे में एक बार फिर से आईएसबीटी का शुरू होना खटाई में पड़ गया। हालाकि कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने संबंधित अधिकारियों और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जल्द से जल्द यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर जो भी कार्य अधूरे हैं उन्हें पूरा किया जाए तथा यात्रियों को शहर के विभिन्न स्थानों से आने में जो कठिनाई हो रही है उसे दूर कर आईएसबीटी का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जाए ताकि शहर के अंदर बने बस स्टैंडों को हटाया जा सके और एक ही स्थान से भिंड-मुरैना जाने वाले यात्रियों को बसें मुहैया कराई जा सके। कलेक्टर के आदेश पर कब तक अमल होता है यह तो अभी गर्त में है लेकिन जो व्यवस्थाएं वर्तमान में उससे एक बात तो साफ है कि नए साल 2026 में ही शहरवासियों को आईएसबीटी की सेवाएं मिल पाएंगी।



## रामकथा का विश्राम, व्यास पीठ का किया पूजन

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 11नवम्बर।** जो लोग मंदिर तो जाते हैं, लेकिन घर के बैठे माता-पिता का सम्मान और सेवा नहीं करते हैं, वे मंदिर में कितने ही लोटा चढ़ा लें, उन्हें कोई पुण्य फल मिलने वाला नहीं है। मंदिर में बैठे प्राण प्रतिष्ठत भगवान उन्हीं पर कृपा करते हैं, जो घर में बैठे ईश्वर तुल्य माता पिता का ख्याल रखते हैं। यह विचार व्यास पीठ स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ भानुपूरा पीठाधीश्वर शंकराचार्य वेदांत सागर ने न्यू जवाहर कॉलोनी में आयोजित हो रही श्रीरामकथा के विश्राम दिवस मंगलवार को व्यक्त किए। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रवीण पाठक के भाई प्रशांत पाठक के साथ डॉ. जितेंद्र सिंह राजावत, इंजी. विजय शर्मा, संजय फडतरे, प्रताप राव महाडिक, पप्पू पाल एवं सर्व ब्राह्मण महासंघ के युवा जिलाध्यक्ष कपिल भार्गव ने व्यास पीठ का पूजन किया। साथ ही प्रज्ञाचक्षु माधवाचार्य महाराज का भी सानिध्य रहा। उन्होंने कहा, जो व्यक्ति की रामचरित्र मानस में पूर्णत: श्रद्धा हो जाती है, उस पर रामकृपा होना शुरू हो जाती है, इसलिए घर में परिवार सहित कम से कम एक दोहा का अर्थ सहित पाठ जरूर करें। कथा के बाद प्रशांत पाठक, विजय शर्मा, संजय फडतरे, प्रताप राव महाडिक, पप्पू पाल, कपिल भार्गव ने व्यास पीठ वेदांत सागर एवं माधवाचार्य महाराज को शॉल, श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बृजबिहारी वाजपेई, कारेलाल सिंह राजावत, डॉ. जितेन्द्र सिंह राजावत, मकरंद सिंह चौहान, अशोक सिंह राठौड़, रामनरेश सिंह भदौरिया, राजीव सिंह सिकरवार, महेश भदौरिया, संतोष राठौड़, आरबी अग्रवाल, जीपी गुप्ता, सोनू स्वर्णकार, संतोष सिंह तोमर, डॉ. विपिन बंसल, प्रो. राघवेन्द्र शर्मा, राहुल पचौरी, आनंद वाजपेई, उपस्थित रहे।


Happy Children's Day
बाल दिवस
के अवसर पर सभी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं
सभी देशवासियों को (14 नवंबर)
Childern Day एवं स्वतंत्र भारत के पहले प्रधान मंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू जी के जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो- एस.एन. शुक्ला (गणित)
AM-70, डी डी नगर, ग्वालियर
Mob. - 9179416408


# भाजपा के मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति में जातिगत असंतुलन!

**ग्वालियर।** ग्वालियर पूर्व विधान सभा क्षेत्र में भाजपा के मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति में जातिगत असंतुलन से कार्यकर्ताओं में रोष उमड़ रहा है। दरअसल, ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में एक भी मंडल अध्यक्ष क्षत्रिय, वैश्य एवं एससी वर्ग से नही बनाया गया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि ग्वालियर जिले के 16 पूर्व विधान सभा क्षेत्र में 6 मंडल अध्यक्ष हैं जिसमे एक भी मंडल अध्यक्ष क्षत्रिय, वैश्य, एससी वर्ग से नही है। मंडल अध्यक्ष के साथ साथ मंडल महामंत्री भी क्षत्रिय या वैश्य समाज से नही बनाए गए है जबकि 16 पूर्व विधान सभा में वैश्य वर्ग की संख्या ज्यादा है, क्षत्रिय और एससी समाज भी काफी संख्या में 16 पूर्व विधान सभा में हैं। पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं ने आशंका जताई है कि वैश्य, क्षत्रिय और एससी समाज की अनदेखी कहीं महंगी न पड़ जाए। मंडल अध्यक्ष और मंडल महामंत्री की नियुक्तियों में सामान्य वर्ग से सिर्फ कुछेक ही समाज का बोलबाला रहा है एक और महत्वपूर्ण पद उपाध्यक्ष में भी कुछ ही पूर्वचिनहित तबकों को महत्व दिया गया है। चार मंडल के कुल 24 उपाध्यक्ष में से सिर्फ 2 ही क्षत्रिय एवं एक एससी वर्ग से है। दो मंडल अध्यक्ष वीर सावरकर मंडल और महाराणा प्रताप मंडल की कार्यकारिणी अभी घोषित नही हुए है। सवाल उठ रहा है कि क्या इन दो मंडल की कार्यकारिणी में भी क्षत्रिय, वैश्य एवं एससी समाजों को महत्वपूर्ण पद मंडल महामंत्री और उपाध्यक्ष पद पर पर लिया जाएगा, या फिर यहां भी 16 पूर्व के अन्य मंडल की तरह दो समाज का ही बोलबाला रहेगा।


डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
गुप्त रोग विशेषज्ञ
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460


# राजेंद्र जैन बने विधायक प्रतिनिधि



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 11नवम्बर।** माननीय विधायक प्रदुमन सिंह तोमर द्वारा राजेंद्र जैन (सर्राफ़) को सादीपनि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरैना रोड ग्वालियर का प्रतिनिधि के तौर पर कार्यों की निगरानी एवं समीक्षा के लिए प्रतिनिधि नियुक्त किया इस अवसर पर सर्राफ़ा बाज़ार संघ ने हर्ष वियक्त कर उन्हें बधाई दी।

# 2024 के सभी व्यापारियों की दुकानें दर्ज होंगी मेला पोर्टल पर

## मेला व्यापारी संघ ने बड़े नेताओं का जताया आभार

**ग्वालियर।** अंतत: सवासौ वर्ष की शानदार विरासत रखने वाले ग्वालियर व्यापार मेला के व्यापारीबंधुओं के संघर्ष की जीत हुई। संभागायुक्त मनोज खत्री ने आज मेला व्यापारियों को आश्वस्त किया कि वर्ष 2024 तक के ग्वालियर मेला में दुकानें लगाने वाले सभी व्यापारियों की दुकानों को मेला पोर्टल पर अंकित किया जाएगा। मेला परिसर में पानी, बिजली एवं साफ सफाई की व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के साथ मुकम्मल किया जाएगा। प्राधिकरण ने भरोसा दिया कि 14 या 15 नवंबर से मेला पोर्टल पर दुकानें अंकित होंगी। मेला व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेंद्र भदकारिया, सचिव महेश मुदगल, संयोजक उमेश उप्पल, संयुक्त अध्यक्ष एवं प्रवक्ता अनिल पुनियानी, सह संयुक्त अध्यक्ष जगदीश उपाध्याय एवं कार्यकारी अध्यक्ष अनुज गुर्जर, हरिकांत समाधिया एवं रमेश सेन ने मेला व्यापारियों को राहत देने के लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष चेतन कश्यप एवं भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल का आभार व्यक्त किया है।


# अपर कलेक्टर एवं जीडीए सीईओ नरोत्तम भार्गव को पितृ शोक



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 11नवम्बर।** ग्वालियर के अपर कलेक्टर एवं ग्वालियर विकास प्राधिकरण के सीईओ नरोत्तम भार्गव के पिताश्री श्री कृष्णचन्द्र भार्गव का आज 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह गुना में निवासरत थे।

पिता श्री कृष्ण भार्गव के निधन का समाचार मिलते ही अपर कलेक्टर नरोत्तम भार्गव तत्काल ग्वालियर से अपने पैतृक निवास विकास नगर गुना पहुंचे। उनकी अंत्येष्टि देर सायं गुना में की गई। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, राजनेता, पत्रकार एवं समाज सेवी उपस्थित थे। श्री कृष्ण चन्द्र भार्गव के निधन पर सभी ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

# मंदिरों में भैरव अष्टमी आज धूमधाम से मनाई जाएगी



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 11नवम्बर।** शहर के मंदिरों में भैरव अष्टमी पर्व की तैयारियां पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ चल रही हैं। बुधवार को भैरव अष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन भगवान कालभैरव की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। शहर के भैरव मंदिरों में इस समय सजावट का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। दीयों, फूलों और रंग-बिरंगी झालरों से मंदिरों को सजाया जा रहा है। कई जगहों पर भैरव बाबा की आकर्षक झांकियां बनाई जा रही हैं, जिनमें भगवान की विभिन्न लीलाओं का चित्रण किया जाएगा।

भैरव अष्टमी की रात को भजन संध्या और रात्रि जागरण का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकार और भजन मंडलियां प्रस्तुति देंगी। भैरव अष्टमी पर अचलेश्वर के भैरव बाबा को पंचमेवा, मिठाई का भोग लगाया जाएगा। वहीं नया बाजार स्थित भैरव मंदिर पर मदिरा का भोग लगाया जाएगा। भक्तों में इस पर्व को लेकर खास उत्साह देखा जा रहा है। कई भक्त अष्टमी पर उपवास कर पूरे दिन भगवान भैरव के मंत्रों का जाप करेंगे।

**जगह-जगह होंगे भंडारे:** भैरव अष्टमी पर जगह-जगह भंडारों की व्यवस्था की जा रही है। लश्कर, हजीरा, मुरार में भैरव मंदिरों के बाहर लंगर लगाए जाएंगे।


रूद्रा सोल्यूशनस
YAKUZA ELECTRIC VEHICLES
मोटर, कन्ट्रोलर, चार्जर बैटरी पर 1 साल गारंटी के साथ मे
➤ 4 बैटरी स्कूटी अब मात्र = ₹ 33500/-
➤ 5 बैटरी स्कूटी अब मात्र = ₹ 37000/-
➤ 6 बैटरी स्कूटी अब मात्र = ₹ 40800/-
आसान किस्त सुविधा के साथ
BAJAJ FINSERV
MOB. 9039932167
पता – शताब्दीपुरम रेल्वे पुल के बगल से यादव धर्म कांटा मुरैना लिंक रोड ग्वालियर



नव भारत

संपादकीय विभाग में आवश्यकता है...

करीब एक सदी की गौरवशाली विरासत रखने वाले देश के प्रमुख अग्रणी लोकप्रिय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र नवभारत के ग्वालियर संस्करण के संपादकीय विभाग में निम्नानुसार पदों पर आवश्यकता है...

**एक सिटी डेस्क इंचार्ज**– (आवेदक वरिष्ठ व अनुभवी होना चाहिए, नगर डेस्क के लिए)
**एक प्रांतीय डेस्क इंचार्ज**– (अनुभवी को प्राथमिकता, प्रांतीय डेस्क के लिए)
**दो रिपोर्टर** – (अनुभवी के साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में कैरियर बनाने के इच्छुक युवा भी आवेदन कर सकते है)

एक सप्ताह की अवधि में अपने रिज्यूम नवभारत, ग्वालियर के कार्यालय पर स्वयं के संबंध में संपूर्ण जानकारी के साथ भेजें। ईमेल पर भी आवेदन स्वीकार्य हैं।

स्थानीय संपादक ,नवभारत
नवभारत भवन ,सिटी सेंटर, ग्वालियर (मप्र)
ईमेल : bharatnava@gmail.com



केनरा बैंक Canara Bank (भारत सरकार का उपक्रम / A Government of India Undertaking) सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

क्षेत्रीय कार्यालय: प्रथमतल साईं बाबा कॉम्पलेक्स,जीडीए बिल्डिंग के पास, फूलबाग, ग्वालियर फोन: 0751-2423126

ई-नीलामी विक्रय सूचना

परिशिष्ट -IV क {नियम 8(6) का परन्तुक देखें}

**अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु विक्रय सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रर्वतन अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना आम जनता को साधारणत: एवं निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियों के ऋणियों एवं जमानदारों को विशेषत: सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित सम्पत्तियां कैनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 15.12.2025 को कैनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानदार का नाम | बकाया राशि / नीलामी दिनांक | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड़ बढाने की राशि |
|---|---|---|---|
| **शाखा: केनरा बैंक, एस.एम.ई. ग्वालियर, Mob.: 63545-00595, Email: cb3910@canarabank.com** | | | |
| **ऋणी–मैसर्स सोनू मोबाइल प्रोपराईटर– निहाल बेग पुत्र भैया बेग** पता: दुकान संख्या नं. 7 बी.एल. प्लाजा, टोपी बाजार, ग्वालियर गिर्द, ग्वालियर, मध्यप्रदेश-474001 **मालिक / बंधककर्ता – श्री निहाल बेग पुत्र भैया बेग** पता: निवासी विष्णु कॉलोनी, अजयपुर, ग्वालियर गिर्द, ग्वालियर, मध्यप्रदेश-474001 | Rs. 9,08,349.31/- + ब्याज एवं खर्चे / नीलामी दिनांक 15-12-2025 | 9.21 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाली व्यावसायिक दुकान का आवंटन; दुकान क्रमांक 302 बी, तृतीय तल, कृष्णा मॉल, कम्पू रोड, लश्कर, ग्वालियर, वार्ड क्रमांक 50, जिला ग्वालियर (मध्य प्रदेश) में स्थित। **चतुर-सीमाएँ: पूर्व:** दुकान क्रमांक 321 बी, **पश्चिम:** दुकान क्रमांक 301 बी, **उत्तर:** सामान्य मार्ग, **दक्षिण:** दुकान क्रमांक 302 सी। | Rs. 10,80,000/- / Rs. 1,08,000/- / Rs. 10,000/- |
| **शाखा: केनरा बैंक, माधौगंज, ग्वालियर, Mob.: 9131436802, Email: cb5202@canarabank.com** | | | |
| **ऋणी– 1. श्री ब्रिजेश सिह भदोरिया** पता: निवासी गिरिराज भवन साईं मंदिर, गोला का मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी ग्वालियर, मध्य प्रदेश-474005 **2. संगीता भदोरिया पत्नि ब्रिजेश सिंह भदोरिया** पता: साईं मंदिर, गोला का मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी ग्वालियर, मध्य प्रदेश-474005 | Rs. 5,55,043.08/- + ब्याज एवं खर्चे / नीलामी दिनांक 15-12-2025 | नगरपालिका भूखंड संख्या 75 ए, श्री गजानन ग्राम इनक्लेव, ग्राम लखमीपुर, वार्ड संख्या 18, जिला- ग्वालियर, मध्यप्रदेश में स्थित 630 वर्ग फीट (58.55 वर्ग मीटर) क्षेत्रफल वाले आवासीय मकान का क्षेत्रफल। **चतुर-सीमाएं: पूर्व:** खुली भूमि, **पश्चिम:** भूखंड संख्या 75, **उत्तर:** भूखंड संख्या 70, **दक्षिण:** सड़क। | Rs. 16,95,000/- / Rs. 1,69,500/- / Rs. 10,000/- |

ई-नीलामी की दिनांक एवं समय 15.12.2025, दोपहर 1 से 2 बजे तक (5 मिनट के असीमित विस्तार पर)

**अन्य नियम व शर्तें:** (1) संपत्ति ''जैसी है जहां है'' स्थिति में बेची जाएगी, जिसमें कोई भार शामिल होगा। (बैंक के ज्ञान में कोई भार नहीं है। भार के विवरण के लिए, नीचे खंड 9 (डी) में संदर्भित बयाना राशि जमा करने से पहले नीचे हस्ताक्षरकर्ता से संपर्क करें)। नीलामी / बोली केवल Website: http://baanknet.in के माध्यम से ऑनलाइल इलेक्ट्रोनिक बोली के माध्यम से होगी। बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है। (2) संपत्ति केवल आरक्षित मूल्य से अधिक कीमत पर बेची जाएगी। (3) संपत्ति का निरीक्षण प्राधिकृत अधिकारी के साथ पूर्व नियुक्ति के साथ, 14.12.2025 से पहले किसी भी कार्य दिवस पर दोपहर 3 से शाम 5 बजे के बीच किया जा सकता है। (4) इच्छुक बोलीदाताओं को अपना नाम पोर्टल http://baanknet.in/ पर पंजीकृत करना चाहिए और अपना यूजर आईडी और पासवर्ड नि:शुल्क प्राप्त करना चाहिए। (5) भावी बोलीदाता सेवा प्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस (एबकेरे), श्री धर्मेश आशेर, संपर्क नंबर 98922-19848, ई-मेल: support.baanknet@psballiance.com और avp-projectmanager2@ psballiance.com से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं, हालांकि वेबसाइट http://baanknet.in/ के माध्यम से असफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई ईएमडी उन्हें वापस कर दी जाएगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं लगेगा। (6) नीलामी ऊपर बताए अनुसार आरक्षित मूल्य पर शुरू होगी। बोलीदाता 10,000 रुपये के गुणकों में अपने प्रस्तावों में सुधार कर सकते हैं। ऑनलाइन नीलामी के समापन पर सबसे ऊंची बोली (आरक्षित मूल्य से ऊपर) पेश करने वाले बोलीदाता को सफल बोलीदाता घोषित किया जाएगा। सुरक्षित लेनदार द्वारा इसकी पुष्टि के अधीन, सफल बोलीदाता के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जाएगी। (7) सफल बोलीदाता को स्वयं को सफल बोलीदाता घोषित करने के तुरंत बाद बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) जमा करना होगा और यदि सफल बोलीदाता बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है तो सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर शेष राशि जमा करनी होगी। उसके द्वारा की गई जमा राशि बिना किसी नोटिस के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को तुरंत फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा। (8) 50 लाख रुपये (पचास लाख रुपये) और उससे अधिक की बिक्री आय के लिए, सफल बोलीदाता को बिक्री आय पर 1 प्रतिशत की दर से टीडीएस काटना होगा और बैंक को टीडीएस प्रमाण पत्र की मूल रसीद जमा करनी होगी। (9) सभी परिवहन शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और किसी भी स्थानीय प्राधिकरण को कोई कर, राजस्व/बकाया केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा। (10) प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी के नियमों व शर्तो को स्थगित/रद्द या बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है। (11) यदि ऐसे बोलीदाता हैं जिनके पास इंटरनेट तक पहुंच नहीं है, लेकिन वे ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक हैं, तो वे संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय या किसी शाखा से संपर्क कर सकते हैं, जो एक सुविधा केंद्र के रूप में आवश्यक व्यवस्था करेंगे। (12) 14.12.2025 को या उससे पहले नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/चालान के माध्यम से एबक्रे वेबसाइट के सफल पंजीकरण के बाद आरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत ईएमडी राशि ई-वॉलेट में जमा की जानी है। ईएमडी राशि को ई-वालेट में सफलतापूर्वक स्थानांतरित करने के बाद, बोलीदाता पात्र संपत्तियों में भाग ले सकता है। अधिक जानकारी के लिए रिकवरी और लीगल सेक्शन, केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय, ग्वालियर मोबा: 8989992605 से संपर्क करें।

स्थान: ग्वालियर | दिनांक: 11-11-2025 | प्राधिकृत अधिकारी कैनरा बैंक


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95